email | speed-Post

टेलीफोन : 2612849/2615722/2201856
E-mail: upsugarfed@yahoo.co.in

फैक्स : 91-522-2627994 / 2201447
दूरभाष : 2628310 / 2263121
Website : www.upsugarfed.org

# उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड

9–ए, राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ – 226001

पत्र संख्या–620 यू.पी.एफ./स्था./385/2023 दिनांक–05 सितम्बर 2025

प्रेषक,

प्रबन्ध निदेशक,
उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लि.,
लखनऊ।

सेवा में,

संलग्न सूची के अनुसार।

विषयः– उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लि., मुख्यालय एवं अधीनस्थ 23 सहकारी चीनी मिलों में सेवानिवृत्ति के उपरान्त अधिकारियों के नियोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लि. प्रदेश में संचालित सहकारी चीनी मिलों की शीर्षस्थ संस्था है। सहकारी चीनी मिलों के कार्यों को सुचारू रूप से सम्पादित किये जाने के दृष्टिगत् सेवानिवृत्ति के उपरान्त इच्छुक विशेष योग्यतायुक्त सुयोग्य अधिकारियों को संघ मे लिये जाने हेतु आपकी संस्था से जानकारी उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध है। संघ में निम्न पदों पर अधिकारियों की आवश्यकता है, जिसका विवरण निम्नवत् है:–

| पदनाम | निर्धारित मानदेय (लाख रू. में) | अधिकतम आयु (दि. 31.08.2025 को) | योग्यता एवं अर्हता | अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| प्रधान प्रबन्धक | 1.40 | 63 वर्ष | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ राष्ट्रीय स्तर के अधिकृत संस्थान से एम.बी.ए. अथवा बी.ई./ बी.टेक./बी.एससी. (इन्जी.) अथवा राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर/वी.एस.आई. पुणे से शर्करा तकनीक मे पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा। अथवा सी.ए./आई.सी.डब्लू.ए./ आई.सी.एम.ए. अथवा बी.एससी. (एजी) अथवा बी.टेक (केमिकल इंजीनियरिंग) अथवा राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर/वी.एस.आई. पुणे से इण्डस्ट्रियल फरमन्टेशन एण्ड एल्कोहल टेक्नोलाजी में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा। | न्यूनतम कुल 10 वर्ष (01 वर्ष समान पद पर तथा 05 वर्ष का अनुभव विभागाध्यक्ष के रूप में) |
| मुख्य अभियन्ता | 1.20 | 63 वर्ष | बी.ई./बी.टेक./बी.एससी. (इन्जी.) या समकक्ष | न्यूनतम कुल 08 वर्ष (01 वर्ष का विभागाध्यक्ष के पद पर तथा 04 वर्ष का अनुभव अभियंत्रण विभाग के द्वितीय पद पर) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मुख्य रसायनविद् | 1.20 | 63 वर्ष | राष्ट्रीय शर्करा संस्थान/वी.एस. आई. पुणे से शर्करा तकनीक में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा। | न्यूनतम कुल 08 वर्ष (01 वर्ष का विभागाध्यक्ष के पद पर तथा 04 वर्ष का अनुभव निर्माण/उत्पादन विभाग के द्वितीय पद पर) |
| मुख्य गन्ना अधिकारी | 1.20 | 63 वर्ष | बी.एससी. (एजी.) | न्यूनतम कुल 08 वर्ष (01 वर्ष का विभागाध्यक्ष के पद पर तथा 04 वर्ष का अनुभव गन्ना विभाग के द्वितीय पद पर) |
| मुख्य लेखाकार | 1.20 | 63 वर्ष | सी.ए./आई.सी.डब्लू.ए. | न्यूनतम कुल 08 वर्ष (01 वर्ष का विभागाध्यक्ष के पद पर तथा 04 वर्ष का अनुभव लेखा/वित्त विभाग के द्वितीय पद पर) |

<u>सेवानिवृत्त अधिकारियों के नियोजन के संबंध में अनुबन्ध की शर्तें:-</u>

- संविदा की अवधि में निर्धारित मानदेय प्रतिमाह अथवा सेवानिवृत्ति के समय आहरित मूल वेतन एवं मंहगाई भत्ता के योग में से अनुमन्य/देय शुद्ध पेन्शन की धनराशि घटाने के बाद आयी धनराशि, दोनों में से जो भी कम हो, से अधिक न होगा, देय होगा।
- सेवानिवृत्त उपरांत न्यूनतम दो वर्ष की सेवा। (60 वर्ष की अधिवर्षिता आयु पूर्ण कर चुके एवं 65 वर्ष के कम आयु के)
- सेवा हेतु अधिकतम आयु 63 वर्ष।
- स्वास्थ्य मेडिकल आफिसर द्वारा स्वस्थता का प्रमाण-पत्र साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा।
- मानदेय विशेष योग्यता एवं उपयोगिता की दशा में निगोशिएबिल होगा।
- न्यूनतम दो वर्ष का अनुबन्ध किया जायेगा।
- यह पद पूर्णतः अस्थायी होगा। प्रत्येक वर्ष पूर्ण हो जाने पर कार्मिक की उपयोगिता व संघ/मिल हित में परफारमेन्स के आधार पर कार्यकाल बढ़ाये जाने अथवा समाप्त किये जाने हेतु प्रबन्ध निदेशक द्वारा निर्णय लिया जाएगा।
- संविदा दोनों पक्ष की ओर से 15 दिन का नोटिस अथवा 15 दिन के भुगतान की नोटिस पर समाप्त हो जाएगी।
- आवेदक की तैनाती उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ लि., लखनऊ की 23 संचालित चीनी मिलों में कहीं भी की जा सकती है तथा एक मिल से दूसरी मिल में स्थानान्तरित भी किया जा सकता है। यथा सम्भव 03 विकल्प प्राप्त कर उन पर विचार किया जायेगा।
- अभ्यर्थियों द्वारा लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से आवेदित पद का नाम अवश्य लिखा जाय।

- उपरोक्त वर्णित पदों/कार्यों हेतु मानदेय निर्धारण व अन्य सुविधाओं के सम्बन्ध में समय-समय पर सुसंगत शासनादेशों/निर्णयों के अनुरूप सक्षम स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स लि. द्वारा यथाआवश्यकता निर्णय लिया जाएगा।

➢ प्रक्रिया:-

1. सेवानिवृत्त अधिकारियों हेतु उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लि., 9-ए राणा प्रताप मार्ग लखनऊ-226001 के पते पर आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 15.09.2025 समय 5.00 बजे सायं तक है।
2. स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट से प्राप्त आवेदन पत्र ही स्वीकार किये जायेंगे। अन्य किसी माध्यम से आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होंगे।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया उक्त पदों की योग्यता/अनुभव के दृष्टिगत अपने विभाग के अधीन सेवानिवृत्त हुए इच्छुक अधिकारियों एवं उनकी अन्तिम 05 वर्षों की वार्षिक कार्य एवं आचरण रिपोर्ट के साथ उनके विरूद्ध सम्पन्न विभागीय जाँच की जानकारी/विवरण सहित आवेदन दिनांक 15.09.2025 तक संघ को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(कुमार विनीत)
प्रबन्ध निदेशक